मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-18
07/01/2021

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद की माताजी स्व0 विमला प्रसाद जी के श्राद्धकर्म में भाग लिया

पटना, 07 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बोरिंग रोड, नागेश्वर कॉलोनी स्थित केन्द्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद के आवास जाकर उनकी माताजी स्व0 विमला प्रसाद जी के श्राद्धकर्म एवं श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्व0 विमला प्रसाद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री फागू चौहान, केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार भाजपा प्रभारी श्री भूपेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जायसवाल, भाजपा नेता श्री शाहनवाज हुसैन, कॉग्रेस नेता श्री राजीव शुक्ला एवं पूर्व मंत्री श्री संजय झा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

******